# रहता है मेरे साथ में कोई साथ हो ना हो भजन लिरिक्स

रहता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो,
चलता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो।bd।

तर्ज – मिलती है जिंदगी में।

---

दुनिया के झूठे साथ से,
सच्चा है तेरा साथ,
दुनिया बदलती रूप है,
जैसे दिन और रात,
अँधियारो में भी संग खड़ा,
कोई संग हो ना हो,
चलता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो।bd।

---

एक बार जो आया दर तेरे,
थामा है तूने हाथ,
पल में बदलता सांवरा,
बिगड़े हुए हालात,
परछाई बन के चल रहा,
कोई और हो ना हो,
चलता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो।bd।

---

लाखो करोडो भक्तो की,
सुनता है मन की बात,
‘अभिषेक’ के भी सांवरे,
सर पे है तेरा हाथ,
जब तू खड़ा है साथ में,
कोई भी दु:ख ना हो,
**Bhajan Diary Lyrics,**
चलता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रहता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो,
चलता है मेरे साथ में,
कोई साथ हो ना हो।bd।

**Singer & Lyrics – Abhishek Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com